दिल से बुला कर देख मेरा बाबा आएगा

दिल से बुला कर देख मेरा बाबा आएगा,
बड़े किस्मत के लेख मेरा बाबा आएगा,
विधि का मिटाने लेख मेरा बाबा आएगा ,
दिल से बुला कर देख मेरा बाबा आएगा,

छोड़ दे चिंता चिंतन कर ले काहे चित को जलाता है,
श्याम सहारे छोड़ के नैया को खुद पतवार चलता है,
तू रख ले इरादे नेक तेरी किस्मत चमकाएगा,
दिल से बुला कर देख मेरा बाबा आएगा,

श्याम नाम बड़ा गुणकारी है सब लोगो की दवाई है,
लाज बचाने तुरनत है आता जिसने लगन लगाई है ,
तुझे देने ख़ुशी अनेक मेरा बाबा आएगा,
दिल से बुला कर देख मेरा बाबा आएगा,

लीला इस की अगम अगोचर कोई समज नहीं पाया है,
मुकेश उपदाए भजन बनाये श्याम शरण में आया है ,
विनोद तेरी नैया को बाबा पार लगाए गा,
दिल से बुला कर देख मेरा बाबा आएगा,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14884/title/dil-se-bula-kar-dekh-mera-baba-ayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |